मूलाधार से लेकर **ब्रह्म-रन्ध्र** तक व्याप्त '**कुल**' अर्थात् **कुण्डलिनी शक्ति** का ध्यान कर **कुल-गुरुओं** अर्थात् **दिव्यौघ, सिद्धौघ** और **मानवौघ गुरुओं** का स्मरण करे। यथा—**प्रह्लादानन्दनाथ, सकलानन्दनाथ, कुमारानन्दनाथ, वशिष्ठानन्दनाथ, क्रोधानन्दनाथ, सुखानन्दनाथ, ज्ञानानन्दनाथ** और **बोधानन्दनाथ** का अर्चन कर '**कुल-मुख**' अर्थात् **कुण्डलिनी-मार्ग सुषुम्ना** के ऊपरी छिद्र के ऊपर अर्थात् **ब्रह्म-रन्ध्र** में इन सब **त्रिविध गुरुओं का ध्यान** करे।।१८-२०

कुल-गुरुओं का ध्यान

महा-रस-रसोल्लास-हृदयाघूर्ण-लोचनाः।
कुलालिङ्गन-सम्भिन्न-चूर्णिताशेष-तामसाः।।१
कुल-शिष्यैः परि-वृताः, पूर्णान्तःकरणोद्यताः।
वराभय-युताऽशेष-कुल-तन्त्रार्थ-वादिनः।।२

ये सभी '**कुल-गुरु**' परमानन्द के रस से उल्लसित हृदयवाले हैं। इनके नेत्र मस्ती से भरे हुए हैं। '**कुल**' अर्थात् **कुण्डलिनी** के सम्पर्क में निरन्तर रहने से इनका सारा तमो-भाव नष्ट हो चुका है और ये **कौल-मार्गावलम्बी शिष्यों** से घिरे हुए पूरे अन्तः-करण से कृपा करने के लिए सदा उद्यत रहते हैं। ये वर और अभय मुद्रा से युक्त हैं और **कुल-धर्म** के रहस्य को बतानेवाले हैं। इस प्रकार **कुल-गुरुओं का ध्यान** करने से साधक बड़ी-से-बड़ी सिद्धियों को प्राप्त कर लेता है।।२१-२२

यह अद्‌भुत रहस्य है, जिसे अज्ञानियों को नहीं बताना चाहिए। जो शाक्त अर्थात् शक्ति (देवी) के उपासक **कौल-मार्ग के ज्ञाता गुरु (नाथ)** को छोड़कर अर्थात् **कौल गुरु** से दीक्षा लिए बिना कुल-द्रव्य (मद्य, मांसादि) का सेवन करते हैं, उनकी दीक्षा मात्र अभिचार अर्थात् मारण-मोहनादि षट्-कर्मों के रूप में परिणत होती है। इसलिए प्रयत्न करके कुलीन और **कौल धर्म के ज्ञाता गुरु** से ही दीक्षा लेनी चाहिए।।२३-२४

कुलीन अर्थात् **कौल साधक** ही सभी मन्त्रों का अधिकारी है। वह दीक्षा देनेवाला **वास्तविक गुरु** है और वह सभी मन्त्रों में पारङ्गत होता है। शिष्य से **धन लेनेवाले गुरु** बहुत मिलते हैं, परन्तु उनमें से जो 'भोग' और 'मोक्ष' दोनों को दिलाने में समर्थ हो, वही **श्रेष्ठ गुरु** है। वास्तव में **गुरु 'एक' शिव ही हैं**, नाम और रूप-भेद से वे ही सर्वत्र मिलते हैं। उनमें भेद नहीं करना चाहिए क्योंकि सबमें '**शिव**' **ही गुरु-रूप में प्रतिष्ठित** होते हैं।।२५-२७

हे त्रिनेत्रे, देवि! मैं **श्रीगुरु-देव** के लक्षण बताता हूँ, सुनो। **श्रीगुरु-देव** एक-मात्र '**शिव**' ही कहे गए हैं। वह मैं ही हूँ, इसमें सन्देह नहीं। हे देवेशि! तुम भी '**गुरु**' हो और '**मन्त्र**' भी '**गुरु**' कहा गया है। अतः **मन्त्र, देवता** और **गुरु-देव** में कोई अन्तर नहीं है। कभी तो, ध्यान करते समय, **सहस्र-दल-कमल** के मध्य में **गुरु-देव** का निरन्तर ध्यान किया जाता है, तो कभी, पूजा करते समय, उनका ध्यान **हृदय-कमल** के ऊपर और कभी, **गुरु** के प्रत्यक्ष उपस्थित होने पर, अपनी दृष्टि द्वारा उनका ध्यान किया जाता है।।२८-३०

हे देवि! जो अपनी जीभ द्वारा '**गुरुः**' इन दो अक्षरों का उच्चारण करता है, उसे वेदादि का पाठ करने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि '**ग**' अक्षर के उच्चारण मात्र से ब्रह्म-हत्या-जैसे पाप नष्ट हो जाते हैं और '**उ**' अक्षर के उच्चारण से जन्म-जन्मान्तर के पापों का नाश हो जाता है। रेफ अर्थात् '**र**' अक्षर और उसके बाद पुनः '**उ**' अक्षर तथा **विसर्ग** का उच्चारण करने से कोटि जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। हे देवि! इन दो अक्षरों '**गुरुः**' के जपने से ही ब्रह्मा का मस्तक काटने के कारण लगे ब्रह्म-हत्या के पाप से मुझे मुक्ति मिली थी, इसमें सन्देह नहीं। इसी प्रकार '**गुरुः**' का उच्चारण करने से ही **परशुराम** मातृ-वध के और **देवराज इन्द्र** ब्रह्म-हत्या के पाप से मुक्त हुए थे।।३१-३५

ब्रह्मा, विष्णु, महेश, परमेश्वरी पार्वती, इन्द्रादि देवता, कुबेरादि यक्ष, सिद्ध, गन्धर्व, गङ्गादि नदियाँ, नागादि सर्प-जातियाँ, पर्वतादि स्थावर, जङ्गम और इनके अतिरिक्त अन्य सभी जीव **गुरु-देव** के

शरीर में सदा विद्यमान रहते हैं। अत: **श्री गुरु** के संतुष्ट होने पर देवादि सभी उक्त लोग प्रसन्न हो जाते हैं।।३६-३८

गुरु से बढ़कर न शास्त्र हैं, न तपस्या। **गुरु** से बढ़कर न मन्त्र हैं, न स्वर्गादि फल। **गुरु** से बढ़कर न देवी हैं, न शिव। **गुरु** से बढ़कर न मोक्ष है, न जप। **गुरु-देव** ही सर्व-श्रेष्ठ हैं।।३९-४०

गुरु ही पिता हैं, माता हैं और भगवान् महेश्वर हैं। देवता के रुष्ट होने पर **गुरु** रक्षा करते हैं, किन्तु **गुरु-देव** के रुष्ट होने पर कोई रक्षक नहीं होता। जन्म-दाता पिता और **ब्रह्म-ज्ञान-दाता गुरु** में से गुरु ही श्रेष्ठ हैं। अत: सदा **गुरु-देव** को पिता से भी अधिक पूज्य माना जाता है।।४१-४२

गुरु को यदि शिष्य मनुष्य समझता है, तो उसे सौ करोड़ जन्मों में भी सिद्धि नहीं मिलती। अत: हे देवेशि! ज्ञानी शिष्य **गुरु-देव** को सदा निश्चित रूप से **शिव-स्वरूप** और **गुरु-पत्नी** को **महेश्वरी** समझता है और सभी सिद्धियाँ प्राप्त करता है। **श्रीनाथ** अर्थात् **गुरु** को **शिव-रूप** और **गुरु-पत्नी** को **महेश्वरी-रूप** ही सदा समझना चाहिए। ऐसा न करनेवाला नरक में जाता है।।४३-४५

मन्त्र और **गुरु-देव** में जो कोई भेद नहीं करता, उस पर **भगवती पार्वती** बड़ी प्रसन्न होती हैं और उसे सब कुछ प्रदान करती हैं। **गुरु-देव** की सेवा करता हुआ जो मरता है, वह सब पापों से छूटकर **शिव-लोक** में जाता है।।४६-४७

हे देवेशि! अज्ञान के कारण इस संसार में पापी लोगों की बुद्धि भ्रम में पड़ जाती है और उन्हें कोई सिद्धि नहीं मिलती। अज्ञानी लोगों को **गुरु-देव** की बातों पर विश्वास नहीं हो पाता। ऐसी दशा में हे कल्याणि! उन्हें मेरे वचनों और मन्त्रादि पर भी विश्वास नहीं होता।।४८-४९

विद्वत्ता और कवित्व-शक्ति आदि के अहङ्कार में लोक-लाज में पड़कर लोग जगदीश्वर-स्वरूप **श्रीनाथ गुरु-देव** पर विश्वास नहीं करते। कभी-कभी हे देवि! पाखण्डी-वेश-धारी साधकों के चक्कर में पड़कर, कभी मोह-वश, तो कभी वंश-दोष के कारण लोगों को **सनातन गुरु-देव** पर विश्वास नहीं होता है।।५०-५१

गुरु-देव की सेवा किए बिना जो भक्त '**कुल**'-**धर्म** का पालन करते हैं, उनसे मन्त्र और देवता कभी प्रसन्न नहीं होते। अत: वाणी से, मन से और शारीरिक कार्यों से सदा **गुरु-देव** के हित में लगे रहना चाहिए। जो **गुरु-देव** का अहित करता है, वह विष्ठा (मल) में कीड़े का जन्म पाता है।।५२-५३

शारीरिक कार्यों से **गुरु-देव** की सेवा आदि, वाणी से स्तुति-प्रार्थना आदि और मन से उनकी कुशल-चिन्ता प्रतिदिन करनी चाहिए। **गुरु-देव** की बातों को मन्त्र के समान नित्य मानना चाहिए और **गुरु-देव** के सामने मूर्ति के समान शान्त और अनुशासित भाव से सदैव खड़े रहना चाहिए।।५४-५५

'भले ही जातिवाले अलग रहें, अपने लोग भले ही निन्दा करें, सभी भाई-बन्धु भले ही क्रुद्ध हों, अपना शरीर भले नष्ट हो जाय, किन्तु किसी भी दशा में **गुरु-देव** की दुर्लभ सेवा को नहीं छोड़ना है'—ज्ञान-ध्यान में लगी हुई ऐसी चेतना—बुद्धि जिसकी होती है, उसे महा-माया सन्तुष्ट होकर चारों वर्ग अर्थात् धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्रदान करती हैं।।५६-५८

सद्-गुरु-देव के शिष्य बहुत होते हैं, किन्तु हे सुव्रते! उनमें से किसी-किसी में ही **निर्मला सद्-भक्ति** का उदय होता है।।५९

जिस शिष्य के हृदय में **महेश्वर-स्वरूप गुरु-देव** के प्रति भक्ति नहीं उत्पन्न होती, उसके धन, बल, कुल और कर्म को धिक्कार है।।६०

यदि **गुरु-देव** में भक्ति है, तो पत्नी, पुत्र-पौत्रों, पिता-माता, अपने भाई-बन्धुओं के साथ **गुरु की सेवा, गुरु के ध्यान, गुरु के स्तवन, गुरु के जप, गुरु की पूजा, गुरु की तृप्ति** में सदा तत्पर रहना चाहिए।।६१-६२

एक ही गाँव (या नगर) में स्थित शिष्य को तीनों सन्ध्या-काल में **गुरु-देव** को प्रणाम करना चाहिए। एक कोस (दो मील) की दूरी

पर रहता हो, तो उसे प्रति-दिन एक बार जाकर **गुरु-देव को प्रणाम** करना चाहिए। एक योजन (चार कोस—आठ मील) की दूरी पर रहता हो, तो उसे वर्ष में तीन बार या असमर्थ हो, तो एक बार जाकर **गुरु-देव को प्रणाम** करना चाहिए। स्वयं न जा सके, तो अपने किसी आत्मीय व्यक्ति को भेजकर **गुरु-देव** के प्रति अपना प्रणाम निवेदित करना चाहिए।।६३-६४

अपने विनम्र भाई या पुत्र या पिता को **गुरु-देव** को सन्तुष्ट करने के कार्य में लगाना चाहिए।।६५

यदि शिष्य एक ही गाँव (या नगर) अथवा एक ही घर में रहता हो, तो उसे **गुरु-देव** की पूजा के सिवा अन्य देवता की पूजा नहीं करनी चाहिए। **गुरु-देव** की आज्ञा होने पर इष्ट-देवता की पूजा वह कर सकता है, किन्तु उसके पहले उसे **गुरु-देव** के चरण-कमलों में तीन बार पुष्पाञ्जलि अर्पित करनी चाहिए।।६६-६७

गुरु की पूजा करने से ही **इष्ट-देवता की पूजा** हो जाती है। **गुरु का तर्पण** करने से ही **इष्ट-देवता की तुष्टि** हो जाती है। **गुरु के प्रति भक्ति** करने से ही **इष्ट-देवता की भक्ति** सम्पन्न हो जाती है और **गुरु-देव की वन्दना** करने से ही **इष्ट-देवता की स्तुति** हो जाती है।।६८

विविध प्रकार के गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, माला, आभूषण और वस्त्रों से नित्य **गुरु-देव की पूजा** करनी चाहिए। इसी प्रकार यान, ग्राम, वाहन, पर्यङ्क, दिव्य भोजन, दिव्य चतुर्विध भक्ष्य द्रव्य, छत्र, पीठ, आसन आदि अपने को अच्छी लगनेवाली वस्तुओं और **गुरु-देव** को प्रिय वस्तुओं द्वारा **गुरु-पूजा** करनी चाहिए।।६९-७१

जो शिष्य **ब्रह्म-स्वरूप गुरु-देव-रूपा चण्डी देवी** की समुचित रूप से पूजा करता है, उसके प्रति मैं शिव सदा सन्तुष्ट रहता हूँ, इसमें सन्देह नहीं। हे देवि! मेरे सन्तोष से तुम्हारी भी उस शिष्य पर प्रीति होती है और तुम्हारे सन्तुष्ट होते ही वह मनुष्य जीवन्मुक्त हो जाता है।।७२-७३

जिस शिष्य से **गुरु-देव** प्रसन्न नहीं होते, उसके स्नान, दान, तप, होम और देव-पूजा का क्या फल है अर्थात् सब व्यर्थ ही होते हैं।।७४

हे महा-देवि! मैंने **पुरश्चरण** की बहुत-सी विधियाँ बताई हैं। पाँच अङ्ग (१ जप, २ होम, ३ तर्पण, ४ अभिषेक और ५ ब्राह्मण-भोजन) वाली **पुरश्चर्या** निश्चय ही अभीष्ट फल-दायिनी है। इस **पुरश्चर्या** के उपयुक्त स्थान हैं—१ **विल्व-वृक्ष के नीचे की भूमि, २ श्मशान-भूमि, ३ शून्य घर, ४ देव-मन्दिर, ५ नदी का तट, ६ पर्वत, ७ पर्वत की गुफा, ८ एक-लिङ्ग** (जिस शिव-लिङ्ग के चार कोस की दूरी तक अन्य शिव-लिङ्ग न हो, उसे एक-लिङ्ग कहते हैं) **का स्थान, ९ सुन्दर वन, १० कण्ठ तक गहरा जल।** इन सबसे अधिक **गुरु-देव** के निवास-स्थान की महिमा मानी गई है।।७५-७७

गुरु-देव के निवास-स्थान पर बैठकर हे देवि! जो भगवती का स्मरण या पूजन करता है, उसका फल कोटि-गुना अधिक होता है और शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त होती है। **गुरु-देव** के घर में स्थित शिष्य यदि एक बार भी मन्त्र का जप करता है, तो **'सिद्ध-पीठ'** होने से उसका फल उसे तुरन्त प्राप्त होता है।।७८-७९

हे पार्वति! **गुरु-देव** के नाम का उच्चारण (जप-काल को छोड़कर) कभी न करना चाहिए। तर्पण आदि में **गुरु-नाम** के पूर्व **'श्री'** और अन्त में **'आनन्द-नाथ'** जोड़ लेना चाहिए।।८०

हे कल्याणि! **गुरु-देव** के स्थान के नाम के पूर्व भी **'श्री'** लगाकर उसका उच्चारण करना चाहिए। उस स्थान को सदा कैलास के समान समझ कर उसका ध्यान करना चाहिए।।८१

वाराणसी, प्रयाग आदि तीर्थों में जाने से जो पुण्य मिलता है, उससे कोटि गुना अधिक पुण्य **गुरु-स्थान का दर्शन** करने से मिलता है।।८२

गुरु-देव के स्थान को देखकर बुद्धिमान् शिष्य को उसे **'सिद्ध-पीठ'** समझते हुए दण्ड-वत् प्रणाम करना चाहिए। तभी उसे अभीट सिद्धि की प्राप्ति होगी।।८३

गुरु-देव का स्थान कैलास है, उनका घर चिन्तामणि-गृह है, उनके स्थान के वृक्ष-समूह कल्प-वृक्ष हैं—सदा हृदय में ऐसी ही

भावना रखनी चाहिए। **गुरु-देव** के घर की लता कल्प-लता है, जल-धार अमृत के समान है और पुष्प मणि-पुष्प हैं—सदा ऐसा ही चिंतन करना चाहिए।।८४-८५

गुरु-देव के घर की सेविकाएँ भैरवी कही गई हैं। बुद्धिमानों को **गुरु-गृह के सेवकों** को सदा भैरव-रूप समझना चाहिए।।८६

गुरु-देव के समीप शिष्य को सदा भय, क्रोध, आलस्य, परिहास (हँसी-दिल्लगी), प्रलाप (तर्क-वितर्क) और द्रोह (वाद-विवाद) से दूर रहना चाहिए।।८७

गुरु-गृह में रहते समय शिष्य को सदा अनन्य भाव से सेवक के समान व्यवहार करना चाहिए, जिससे **गुरु-देव** प्रसन्न हों।।८८

भले ही प्राण चले जाएँ या सिर ही क्यों न कट जाय, किन्तु **गुरु** की बात की अवहेलना कभी न हो, ऐसा भाव रखना चाहिए।।८९

गुरु-देव को देखकर अपने चित्त में देवता का ध्यान करे और अष्टाङ्ग-रूप से भूमि पर लेटकर उन्हें नमस्कार करे।।९०

दोनों हाथों से, सिर से, दोनों पैरों से, दोनों कानों और नासिका से साधक को नित्य **गुरु-देवों को प्रणाम** करना चाहिए।।९१

गुरु-देव को प्रणाम कर शिष्य प्रतिमा के समान स्थिर रहे। फिर **गुरु की आज्ञा** पाकर उसे उनके पैरों के पास बैठना चाहिए।।९२

गुरु-देव के बैठे रहने पर शिष्य स्वयं भी बैठे। **गुरु-देव** के चलने पर उनके पीछे-पीछे चले और जब वे बात करें, तो चुपचाप रहकर उनकी बात सुननी चाहिए।।९३

गुरु-देव यदि किसी अन्य व्यक्ति से कोई कार्य करने को कहें, तो शिष्य को आगे बढ़कर स्वयं उस कार्य को सेवक-वत् कर देना चाहिए। **गुरु-देव की शक्ति, गुरु-देव के पीठ (आसन), गुरु-देव के भोजन, गुरु-देव के वस्त्र** और **अलङ्कार** को शिष्य कभी अपने प्रयोग में न लाए।।९४

गुरु-गृह में रहते हुए शिष्य जो-जो पुण्य कार्य करता है, उस सबका उसे सैकड़ों पुण्य तीर्थों से अधिक अक्षय फल मिलता है।।९५

जो बुद्धिमान् अपने मस्तक पर **गुरु-चरणोदक** को धारण करता है, वह सौ कोटि तीर्थों के फल से भी दस गुना अधिक पुण्य प्राप्त करता है। जो बुद्धिमान् तीनों सन्ध्याओं में **गुरु-चरणोदक** का पान करता है, उसका इस मोह-मय संसार में पुनर्जन्म नहीं होता है।।९६-९७

एक ही ग्राम में रहता हो या किसी अन्य ग्राम में, शिष्य को तीनों सन्ध्याओं में गुरु-पादार्चन का जल पीना चाहिए। इससे अकाल मृत्यु नहीं होती, रोग-व्याधियों का नाश होता है और सुख तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है।।९८-९९

गुरु-देव के चरणोदक को देखकर उसकी प्रदक्षिणा कर, उसे प्रणाम कर अपने शिर पर छिड़कना चाहिए। तब उसका पान करना चाहिए।।१००

श्री गुरु-देव के चरण-कमलों से अर्चित पवित्र जल में **ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र** और सभी **पितृ-देवताओं** का वास रहता है। ऐसे **गुरु-पादोदक** को जो नित्य पीता है, वह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का स्वामी हो जाता है।।१०१-१०२

गुरु-पादार्चित जल को कभी लाँघना नहीं चाहिए। दूसरा कोई उसे लाँघ न जाय, इस डर से उसे जल द्वारा धो देना चाहिए।।१०३

गुरु-देव के आगे या उनके बराबर शिष्य को कभी न चलना चाहिए।।१०४

जो गन्ध-पुष्प से तीनों सन्ध्याओं में **जगद्-गुरु** की पूजा करता है, उसे यन्त्र-पूजादि के विधान और न्यास-जाल की क्या आवश्यकता! अर्थात् उसे उन सबके किए बिना ही सभी साधनाओं का फल **गुरु-पूजा** मात्र से मिल जाता है।।१०५

जितनी बार कार्य-वश **गुरु** के स्थान को जाय, उतनी ही बार बुद्धिमान् शिष्य को **सनातन गुरु-देव** को प्रणाम करना चाहिए और

स्वयं अपनी गूंथी हुई श्वेत पुष्पों की माला और अपने द्वारा घिसे हुए श्वेत चन्दन को **श्रद्धा-पूर्वक** उन्हें निवेदित करना चाहिए। हे देवि! ऐसा करने से उस शिष्य में तुम्हारे प्रति भक्ति उत्पन्न होती है और अन्त में उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।।१०६-१०८

हे देवि! **गुरु-देव** का अन्न प्रसाद-रूप में जो खाता है, उसके कोटि जन्मों के पाप उसी समय नष्ट हो जाते हैं। **गुरु-देव** का प्रसादान्न जब प्राप्त हो, तब स्नान करने, पैर धोने या आचमन करने या स्थान का विचार करने की आवश्यकता नहीं, उसके मिलते ही उसे खा लेना चाहिए। प्रसाद खाते समय 'मैं ब्राह्मण हूँ, सन्ध्या-वन्दनादि नहीं किया है', 'मैं कुलीन हूँ, स्नानादि नहीं किया है', 'मैं ऊँची जाति का हूँ, खड़े-खड़े कैसे खाऊँ', 'जाति के लोग, पुत्र और भाई बन्धु प्रसाद खाते देख क्या कहेंगे'—इस प्रकार के भाव मन में न लाना चाहिए अर्थात् जिस अवस्था में भी हो, **गुरु-देव** का प्रसाद मिलते ही उसे खा लेना चाहिए। हे देवि! यदि **गुरु-देव** का प्रसादान्न (भोजन से बचा हुआ उच्छिष्ट अन्न) एक स्थान पर हो और स-तीर्थ लोग उसके लिए घेर कर खड़े हों, तब भी उस मोक्ष-दायक अन्न को खा लेना चाहिए, शूद्र का छुआ हुआ है, इसका विचार न करे।।१०९-११२

हे देवेशि! गुरु के प्रसादान्न को जो अमृत समझ कर खाता है, उससे मैं शिव प्रसन्न होता हूँ, इसमें सन्देह नहीं। हे परमेश्वरि! यदि इस विषय में किसी को कुछ भ्रम हो, तो सौ कोटि कल्पों में भी उसका उद्धार नहीं होता। हे देवि! **गुरु-देव** के जूठे अन्न को खाकर उसे सारे शरीर में लगाना चाहिए। इससे वज्र भी उसके शरीर को कभी चोट नहीं पहुँचा सकता। हे देवि! **गुरु-देव** का उच्छिष्ट अन्न भोग और मोक्ष-दायक होता है। अत: **कौलिक शिष्यों** को इसे प्रतिदिन अवश्य खाना चाहिये।।११३-११६

हे देवि! **गुरु-देव** का उच्छिष्ट तुम्हारा ही उच्छिष्ट होने से कल्याणकारी होता है। हे महा-देवि! तुम्हारा उच्छिष्ट ब्रह्मादि देवों के लिए भी दुर्लभ है। इसी से इन्द्रादि देवों द्वारा नित्य ही प्रार्थना की जाती है। **गुरु-देव** के उच्छिष्ट को जो भक्ति-पूर्वक खाता है, उसे जगद्धात्री अन्नपूर्णा ऐश्वर्य प्रदान करती हैं।।११७-११९

हे प्रिये! जो मोह-वश **गुरु-देव** के उच्छिष्ट को नहीं खाता, उससे तुम रुष्ट हो जाती हो और पग-पग में उस पर विपत्ति आती है। अत: यदि भाग्य से **गुरु-देव** का उच्छिष्ट मिल जाय, तो प्रणाम कर उसे मस्तक से लगाकर ग्रहण करे, शुद्ध-अशुद्ध का विचार न करे।।१२०-१२१

यह परम अद्‌भुत रहस्य-मय महद् '**गुरु-तन्त्र**' तुमसे कहा है। इसे पशु-भाव वाले लोगों के सामने नहीं प्रकट करना चाहिए क्योंकि अज्ञानी लोग इसे समझ नहीं सकेंगे और उल्टा अर्थ लगाकर हानि उठा बैठेंगे।।१२२

इस **महत् तन्त्र** को गुप्त ही रखना चाहिए। हे वरारोहे! अब जो-जो बातें कहता हूँ, वे सब सार तत्त्व हैं। उन्हें सुनो, क्योंकि इन्हें मानने से शीघ्र ही सिद्धि मिलती है।।१२३

लोगों की कल्याण-कामना से **गुरु-सेवा** की विधि बताऊँगा, जिसका पालन करने से **पुरश्चरण का फल** मिलता है। श्री **गुरु-देव** की सेवा ही एक प्रकार की पुरश्चर्या है। जो पञ्चाङ्ग पुरश्चरण नहीं कर पाता, उसे **गुरु-देव की सेवा** करनी चाहिए।।१२४-१२५

गुरु-सेवा-रूपी पुरश्चरण करने के लिए **गुरु-देव** के निवास-स्थान के लिए जाने के पहले **गुरु को प्रणाम** करे, तब यात्रा के लिए अपने घर से बाहर निकले। फिर जैसा पहले बता आए हैं, उसी प्रकार प्रति-दिन **गुरु-देव की सेवा** करे।।१२६

रात्रि के समाप्त होने पर उठकर पूर्वोक्त विधि के अनुसार **गुरु-देव का ध्यान** करे। फिर धीरे-धीरे चलकर **श्रीगुरु-देव** के पास पहुँचे और उनके चरणों में साष्टाङ्ग प्रणाम कर तीन बार **गुरु-शैय्या की प्रदक्षिणा** करे। तब **शिव-स्वरूप** उन **गुरु-देव** को पंखे से हवा करे। इसके बाद द्वार के पास जाकर हाथ जोड़कर खड़ा रहे।।१२७-१२८

गुरु-देव के निद्रा त्याग करते ही शिष्य उनके **श्री-मुख का दर्शन** करे और सेवक के समान उनकी आज्ञा का पालन करने को प्रस्तुत हो जाए। इस प्रकार प्रातः-काल से ही वह उत्तम शिष्य **गुरु-देव** के पीछे सेवक की तरह लग जाए। अपने स्नान, पूजा, तर्पण आदि का विचार छोड़कर **गुरु-देव** की ही सेवा में बराबर लगा रहे, उत्तम शिष्य का कर्त्तव्य है कि अन्य सेवकों को हटाकर स्वयं ही **गुरु-देव** की सारी सेवा करे। **गुरु-देव** के प्रति प्रेम-मय होकर उसे यह सेवा करनी चाहिए।।१२९-१३१

गुरु-देव को स्नान कराकर उनके पादोदक को अपने सिर पर देकर स्वयं भी स्नान करे। तब उनकी पूजा क़र उनके चरणोदक का पान करे। फिर **गुरु-देव** के भोजन कर चुकने पर उनके उच्छिष्ट अन्न को खाए। **गुरु-देव** को ताम्बूल (पान) देकर उनके लेटने के लिए शय्या अच्छी तरह बिछाए और जब वे शयन करें, तब उनके पैरों को दबाकर उनकी सेवा करे। **गुरु-देव** की आज्ञा लेकर स्वयं भी सोए। इस प्रकार शिष्य को प्रति-दिन **गुरु-देव** की सेवा करनी चाहिए।।१३२-१३५

उक्त प्रकार एक वर्ष तक जो शिष्य **गुरु-देव की नित्य सेवा** करता है, वह मन्त्र-सिद्ध होकर महा-सिद्धीश्वर बन जाता है। यह सेवा एकाग्र होकर प्रति-दिन करनी चाहिए। चञ्चल मन से जो सेवा की जाती है, वह निष्फल होती है। सेवकों को हटा कर **गुरु-देव की सेवा** स्वयं ही करनी चाहिए और रात्रि में **गुरु-देव** के चरणों के पास बैठकर **मन्त्र का जप** करना चाहिए। वर्ष के पूरा होने पर **गुरु-देव** को सन्तुष्ट मन से **कृपाकांक्षी शिष्य** को यह श्रेष्ठ आशीर्वाद देना चाहिए कि—**'सिद्ध-मन्त्रो भवेस्त्वं हि गच्छ शीघ्रं निजालयम्।'** अर्थात् 'तुम्हें मन्त्र सिद्ध होगा। अब शीघ्र ही तुम अपने घर जाओ।'।।१३६-१३९

हे देवि! **गुरु-देव** के उक्त प्रकार आशीर्वाद देने पर शिष्य भी उन्हें अपनी सामर्थ्य के अनुसार दक्षिणा या सर्वस्व निवेदन करे। दक्षिणा देने का नियम यह है कि सम्भव हो, तो सर्वस्व दे, अन्यथा उसका आधा या आधे का आधा दे, अथवा अपनी आय का आधा समर्पित करे या अपने कुटुम्बियों का पालन-पोषण करने के बाद जो बचता हो, वही प्रत्यक्ष **शिव-स्वरूप गुरु-देव** को प्रदान करे। साथ ही **गुरु-देव** की पत्नी, उनके पुत्र, भाइयों और बन्धु-वर्ग को वस्त्रादि विविध वस्तुएँ देकर सन्तुष्ट करे। इससे शिष्य सिद्धियों का स्वामी होता है।।१४०-१४३

मुझे प्रिय यह **'गुरु-तन्त्र'** जो तुमसे कहा गया है, इसे सदा यत्न-पूर्वक गुप्त रखना चाहिए और **गुरु-देव** के स्थान पर इसका पाठ करना चाहिए। शिव-मन्दिर में, नदी-तट पर, बिल्व-वृक्ष के मूल-भाग में इस तन्त्र को प्रातः, मध्याह्न और सायं तीनों काल पढ़ना और पढ़वाना चाहिए।।१४४-१४५

मेरे द्वारा कथित यह कल्प कभी प्रकट नहीं करना चाहिए। नास्तिक और भक्ति-हीन व्यक्ति को इसे कभी नहीं देना चाहिए। हे महा-देवि! मलिन बुद्धि और **गुरु-भक्ति** से रहित तथा क्रोध, लोभादि से ग्रस्त, नष्ट-आचार-विचारवाले व्यक्ति को इसे न बताना चाहिए।।१४६-१४७

निन्दा न करनेवाले और पवित्र मनवाले व्यक्ति को यह तन्त्रराज दिखाना चाहिए। तुम्हें प्रिय यह तन्त्र जिसके घर में रहता है, उसे आग लगने का या चोरी होने का डर नहीं रहता। महा-मारी और शत्रु का भी भय उसे नहीं होता।।१४८-१४९

दीक्षा लेकर **गुरु-देव** के स्थान में इसका नित्य अभ्यास करना चाहिए। पुरश्चरण-काल में भी एकान्त स्थान में इसका पाठ करना चाहिए।।१५०

मैंने इस अनुपम यशवाले, पवित्र तन्त्र-राज को बताया है। जो भाग्यशाली **भगवान् शङ्कर, भगवती पार्वती** और **गुरु-देव** के चरणों का ध्यान कर इसे सदा पढ़ता रहता है, उसे निश्चय ही **धरा-भक्ति** सहज ही प्राप्त हो जाती है और राजा उसके वश में हो जाते हैं तथा वह स्वयं सदा ऐश्वर्यवान् रहता है।

***

साधन-माला

['चण्डी' वर्ष ५२ (अङ्क २) में प्रकाशित बहु-उपयोगी कल्याण-प्रद प्रयोग]

[१२]

श्रीकार्तवीर्यार्जुन-मन्त्र-प्रयोग

माहात्म्य—आज के धन-प्रधान युग में यदि किसी व्यक्ति का परिश्रम से कमाया हुआ धन अथवा जमीन, मकान आदि सम्पत्ति किसी जगह फँस जाए तथा उसकी पुनः प्राप्ति की सम्भावना भी दिखाई न पड़े, तो **श्रीकार्तवीर्यार्जुन का प्रयोग** अचूक तथा सद्यः फल-दायी होता है। **श्रीकार्तवीर्यार्जुन का प्रयोग** अभीष्ट-फल को देनेवाला तथा सद्यः सफल होनेवाला है। इस **'प्रयोग'** से साधक **गत-नष्ट धन** को तो प्राप्त कर ही सकता है, साथ ही **षट्-कर्म-साधन**—यहाँ तक कि **प्रत्येक अभिलषित-प्राप्ति** में भी सफल हो सकता है।

आवश्यक निर्देश—(१) प्रयोग की सफलता एवं निर्विघ्नता हेतु सर्व-प्रथम **भू-शुद्धि, आसन-शुद्धि, भूत-शुद्धि, भूतोपसंहार, स्व-प्राण-प्रतिष्ठा** आदि आवश्यक कर्म कर **विघ्न-विनाशक गणेश** का **पूजन** एवं **'कलश-स्थापन'** करे। स्वयं न कर सके, तो विद्वान् ब्राह्मण का सहयोग प्राप्त करे।

(२) विधि-वत् स्थापित **'कलश'** के सम्मुख कामना-भेद के अनुसार निश्चित संख्या में **श्रीकार्तवीर्यार्जुन-मन्त्र** का **'जप'** करे। जप पूरा होने पर दशांश **'हवन'**, हवन का दशांश **'तर्पण'**, तर्पण का दशांश **'मार्जन'** एवं मार्जन का दशांश **ब्राह्मण-भोजन** कराए।

(३) **'प्रयोग' की सफलता** के लिए **'प्रयोग'** करने से पूर्व **दस सहस्र 'गायत्री-जप'** कर ले, तो अति उत्तम।

(४) **'श्रीकार्तवीर्यार्जुन-मन्त्र'** के **'जप'** की पूर्ण-संख्या को इस प्रकार बाँटें कि वह सम-संख्या के आधार पर प्रति-दिन किया जा सके। किसी दिन कम और किसी दिन अधिक **'जप'** नहीं किया जाना चाहिए।

(५) प्रति-दिन जितनी देर **'जप'** चले, उतने समय तक **'अखण्ड दीपक'** अवश्य ही जलता रहना चाहिए।

(६) जब तक **'प्रयोग'** चले, तब तक शास्त्रोक्त नियमों का पालन करे। जैसे—**शुद्ध आचार-विचार, आहार, मित-भाषण, दुर्व्यसन-त्याग, भूमि-शयन, ब्रह्मचर्य** आदि।

(७) '**प्रयोग**' करने से पूर्व '**मन्त्र**' को '**पर्व**'-काल (नवरात्र, जन्माष्टमी, दीपावली, होली आदि), '**ग्रहण**' आदि में '**जप**' कर सिद्ध कर लेना चाहिए।

साधना-क्रम—

(१) पहले शुद्ध होकर, '**सङ्कल्प**' करे—

ॐ विष्णुः विष्णुः विष्णुः तत्-सदद्य ब्रह्मणोऽह्नि, द्वितीय-प्रहरार्द्धे, श्रीश्वेत-वाराह-कल्पे जम्बु-द्वीपे, भरत-खण्डे, आर्यावर्तैक-देशान्तर्गते, पुण्य-क्षेत्रे, कलि-युगे, कलि-प्रथम-चरणे, अमुक-नाम-सम्वत्सरे, अमुक-मासे, अमुक-पक्षे, अमुक-तिथौ, अमुक-वासरे, अमुक-गोत्रोत्पन्नो, अमुक-नाम-शर्मा, अमुक-कामना-सिद्ध्यर्थं मम श्रीकार्तवीर्यार्जुन-देवता-प्रीति-पुरस्सरं क्षिप्रममुक-जनस्य बुद्धि-हरण-पूर्वकं स्व-धन-प्राप्तये मनोऽभिलषित-कार्य-सिद्धये वा दीप-दान-पूर्वकं अमुकामुक-संख्यात्मकं जप-रूप-प्रयोगमहं करिष्यामि।

(२) उक्त प्रकार से '**सङ्कल्प**' करने के बाद '**श्रीगणेशादि-पूजन**' करे।

(३) फिर, **गोबर से लेपन** कर **शुद्ध स्थान** (पक्का फर्श हो, तो धोकर '**पञ्च-गव्य**' से प्रोक्षण करे) पर **ताँबे का बर्तन** रखे तथा उसमें **लाल चन्दन** अथवा **रोली** से **षट्-कोण** बनाकर, उसके बीच में '**ॐ फ्रों**' लिखे। फिर उसमें एक **ताँबे का दीप-पात्र** (सरसों के तेल, मौली या लाल रङ्ग से रँगी रुई की बत्ती सहित) निम्न मन्त्र पढ़ते हुए स्थापित करे—

शुद्ध-तैल - दीपमयं, स्थापयामि जगत्पते!
कार्तवीर्य, महा-वीर्य! कार्यं सिद्ध्यतु मे हि तत्॥

(४) '**दीप**'-**पात्र** के दाहिने भाग में (अर्थात् साधक के बाँईं ओर) एक **नई छुरी**—निम्न '**मन्त्र**' पढ़कर स्थापित करे। **छुरी की धार**—'**दक्षिण**'- **दिशा की ओर रहे** और उसकी **नोंक** (**अग्र-भाग**)—**साधक की ओर रहे**—'**ॐ नमः सुदर्शनास्त्राय फट्।**'

(५) '**दीपक**' **का मुख** पश्चिम की ओर या साधक की ओर रखे। निम्न मन्त्र से उसे जलाए—

ॐ कार्तवीर्य नृपाधीश! योग-ज्वलित-विग्रह!
भव सन्निहितो देव! ज्वाला-रूपेण दीपके॥

(६) मन्त्रोच्चार-पूर्वक '**दीपक**' की ज्योति में '**प्राण-प्रतिष्ठा**' करे। यथा—पहले '**प्राण-प्रतिष्ठा**'-मन्त्र का '**विनियोग**' पढ़े—**ॐ अस्य श्री प्राण-प्रतिष्ठा-मन्त्रस्य अजेश-पद्मजाः ऋषयः। ऋग्-यजुः-सामानि छन्दांसि। प्राण-शक्तिर्देवता। आं बीजं। ह्रीं शक्तिः। क्रों कीलकं। श्री-कार्तवीर्यार्जुन-देव-दीपे प्राण-प्रतिष्ठापने विनियोगः।**

इसके बाद '**श्रीकार्तवीर्यार्जुन-दीप-देवतायै नमः**' से लाल चन्दन एवं पुष्पादि से '**दीपक की पूजा**' करे। पूजा करने के बाद निम्न मन्त्र पढ़कर '**दीप-समर्पण**' करे—

कार्तवीर्य महा-वीर्य! भक्तानामभयं-कर!
दीपं गृहाण मद्-दत्तं, कल्याणं कुरु सर्वदा॥
अनेन दीप-दानेन, ममाभीष्टं प्रयच्छ च।

फिर '**दीपक**' की सन्निधि में निम्न-लिखित '**प्राण-प्रतिष्ठा-मन्त्र**' का **३ बार जप** करे—

मन्त्र—'**ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं हं ॐ क्षं सं हंसः ह्रीं ॐ हंसः।**'

(७) फिर, **श्रीकार्तवीर्यार्जुन-मन्त्र की साधना** प्रारम्भ करे। यथा—

विनियोग—**ॐ अस्य श्रीकार्तवीर्यार्जुन-मन्त्रस्य श्रीदत्तात्रेय ऋषिः। अनुष्टुप् छन्दः। श्रीकार्तवीर्यार्जुनो देवता। फ्रों बीजं। ह्रीं शक्तिः। क्लीं कीलकं। ममाभीष्ट-सिद्धये जपे विनियोगः।**

ऋष्यादि-न्यास—**ॐ श्रीदत्तात्रेय-ऋषये नमः**-शिरसि। **अनुष्टुप्-छन्दसे नमः**-मुखे। **श्रीकार्तवीर्यार्जुन-देवतायै नमः**-हृदये। **फ्रों वीजाय नमः**-गुह्ये। **ह्रीं शक्तये नमः**-पादयोः। **क्लीं कीलकाय नमः**-नाभौ। **ममाभीष्ट-सिद्धये जपे विनियोगाय नमः**-सर्वाङ्गे।

कर-न्यास—**ॐ आं फ्रों ब्रीं** – अंगुष्ठाभ्यां नमः। **ॐ ईं क्लीं भ्रूं** – तर्जनीभ्यां नमः। **ॐ आं ह्रीं** – मध्यमाभ्यां नमः। **ॐ क्रैं क्रों श्रीं** – अनामिकाभ्यां नमः। **ॐ हुं फट्** – कनिष्ठिकाभ्यां नमः। **ॐ कार्तवीर्यार्जुनाय नमः** – कर-तल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादि-न्यास—**ॐ आं फ्रों ब्रीं**—हृदयाय नमः। **ॐ ईं क्लीं भ्रूं**—शिरसे स्वाहा। **ॐ हुं आं ह्रीं**—शिखायै वषट्। **ॐ क्रैं क्रों श्रीं**—कवचाय हुम्। **ॐ हुं फट्**—अस्त्राय फट्। **ॐ कार्तवीर्यार्जुनाय नमः**—सर्वाङ्गे।

टिप्पणी—नेत्रों में '**न्यास**' नहीं होगा अर्थात् **षडङ्ग के स्थान पर पञ्चाङ्ग-न्यास** का ही विधान है।

मन्त्र-न्यास—**ॐ फ्रों ॐ**—हृदये। **ॐ ब्रीं ॐ**—जठरे। **ॐ क्लीं ॐ**—नाभौ। **ॐ भ्रूं ॐ**—लिङ्गे। **ॐ आं ॐ**—गुह्ये। **ॐ ह्रीं ॐ**—दक्ष-चरणे। **ॐ क्रों ॐ**—वाम-चरणे। **ॐ श्रीं ॐ**—ऊर्वोः। **ॐ हुं ॐ**—जानुनोः। **ॐ फट् ॐ**—जङ्घयोः। **ॐ कां ॐ**—मस्तके। **ॐ तं ॐ**—ललाटे। **ॐ वीं ॐ**—भ्रुवोः। **ॐ यां ॐ**—कर्णयोः। **ॐ जुं ॐ**—नेत्रयोः। **ॐ नां ॐ**—नासिकायां। **ॐ यं ॐ**—मुखे। **ॐ नं ॐ**—गले। **ॐ मः ॐ**—स्कन्धयोः।

ध्यान— **उद्यत्-सूर्य-सहस्र-कान्तिरखिल-क्षोणी-धवैर्वन्दितः।**
हस्तानां शत-पञ्चकेन च दधच्चापानिषूंस्तावता॥
कण्ठे हाटक - मालया परिवृतश्चक्रावतारो हरेः।
पायात् स्यन्दनगोऽरुणाभ-वसनाः श्रीकार्तवीर्यो नृपः॥

मूल-मन्त्र—**ॐ फ्रों ब्रीं क्लीं भ्रूं आं ह्रीं क्रों श्रीं हुं फट् कार्तवीर्यार्जुनाय नमः।**

(८) **जप-संख्या एवं हवनादि**—एक लाख। दशांश-क्रम से १०,००० हवन। १,००० तर्पण। १०० मार्जन अथवा अभिषेक। १० ब्राह्मण-भोजन।

(९) **हवन-सामग्री**—चावल, गो-दुग्ध की 'खीर' तथा 'तिल'-मिश्रित 'घृत'।

(१०) **कामना-भेद से हवन-सामग्री**—सरसों-रीठा-लहसुन-कपास—**मारण।** धतूर या गोरोचन-गोबर—**स्तम्भन।** नीम-पत्र—**विद्वेषण।** कमल अथवा कमल-बीज—**आकर्षण।** हल्दी या चम्पा-चमेली—**वशीकरण।** बहेड़ा व खैर-समिधा—**उच्चाटन।** कस्तूरी-गोरोचन—**घर से भागे व्यक्ति की वापसी।** कमल-मक्खन-कस्तूरी—**गत धन की प्राप्ति।** यव (जौ)—**लक्ष्मी-प्राप्ति।** तिल-घी—**पाप-नाश।** तिल-चावल-साँवक (साँवक अर्थात् पीली सरसों)-लाजा—**राज-वशीकरण।** अपामार्ग-आक-दूर्वा—**पाप-नाश व लक्ष्मी-प्राप्ति।** गुग्गुल—**प्रेत-शान्ति।** पीपल-गूलर-पाकड़-बड़-बेल-समिधा—क्रमश: **सन्तान, आयु, धन, सुख, शान्ति।** साँप की काँचुली-धतूरा-पीली सरसों-नमक—**चौर-नाश।** धान—**भूमि-प्राप्ति।**

टिप्पणी—सामान्य रूप से किसी भी काम्य कर्म की सफलता के लिए, जितनी संख्या '**जप**' की होगी, उसका दशांश '**हवन**' होगा, परन्तु जब कार्य-समस्या जटिल हो या सद्य: फल-प्राप्ति की इच्छा हो, तो '**हवन**'-संख्या एक सहस्र से दस सहस्र तक।

(११) **कामना-भेद से जप-संख्या**—बन्दी-मोक्ष—**बारह हजार।** वाद-विवाद (मुकदमे में) जय—**पन्द्रह हजार।** दबे या नष्ट धन की पुन: प्राप्ति—**तेरह हजार।** वाणी-स्तम्भन—**दस हजार।** राज-वशीकरण—**दस हजार।** शत्रु-पराजय—**दस हजार।** नपुंसकता-नाश/ पुन: पुरुषत्व-प्राप्ति—**सत्रह हजार।** भूत-प्रेत-बाधा-नाश—**सैंतीस हजार।** सर्व-सिद्धि-प्राप्ति हेतु—**इक्यावन हजार।** सम्पूर्ण साफल्य हेतु—**सवा लाख।** अन्य कोई समस्या हो, तो स्वयं ही संख्या निर्धारित कर ले अथवा योग्य विद्वान् से मार्ग-दर्शन प्राप्त करे।

उदाहरण (१)—घर से भागे व्यक्ति को वापस बुलाना है, तो '**सर्व-सिद्धि**'—**संख्यक जप**—५१,००० होगा, परन्तु यदि वह व्यक्ति कहीं किसी बन्धन में पड़ा होगा, तो कैसे लौटेगा? अत: '**बन्दी-मोक्ष**'—संख्यक जप—१२,००० इसमें जोड़ ले। 'खैर' की समिधा हो और कस्तूरी, गोरोचन तथा कमल-बीज-मिश्रित (चावल-गो-दुग्ध की खीर तिल-सहित) घी से दस हजार हवन करना चाहिए।

उदाहरण (२)—किसी व्यापारी का ट्रक सामान-सहित लेकर चालक भाग जाए, तो नष्ट-द्रव्य-प्राप्ति हेतु १३,००० के अतिरिक्त चालक के नाम के वर्णाक्षर तथा ट्रक के वर्ण/ संख्या के अनुसार अतिरिक्त संख्या में जप करे। साँप की काँचुली-धतूरा-पीली सरसों-नमक तथा चावल-खीर-तिल-घी से अपामार्ग-आक-दूर्वा समिधा में पाँच से दस हजार तक का हवन होना चाहिए।

'**कलौ चतुर्गुणं प्रोक्तं**' के अनुसार यदि शक्ति हो, तो निर्दिष्ट संख्या का चार गुना '**जप**' करना चाहिए। प्रत्येक प्रयोग में '**दीप-दान**' परमावश्यक है।

'**हवन**' के पश्चात् '**तर्पण**' करना होता है। वैसे तो '**तर्पण**'—हवन का दशांश होता है, परन्तु कार्य की आवश्यकता के अनुसार '**हवन**' के अनुसार ही '**तर्पण**' भी एक हजार से दस हजार तक किया जा सकता है। कामना-भेद से '**तर्पणीय जल**' में '**हवन**'-सम्बन्धी सामग्री को आंशिक रूप में मिश्रित कर सकते हैं।

(१२) **'तर्पण'** एवं **'अभिषेक'**—ताम्र-पात्र में **'फ्रों'** बीज लिखे। उसी पात्र में निम्न मन्त्र से 'तर्पण' करे—**ॐ फ्रों ब्रीं क्लीं भ्रूं आं ह्रीं क्रों श्रीं हुं फट् कार्तवीर्यार्जुनं तर्पयामि नमः।**

'अभिषेक' के सम्बन्ध में दो मत हैं—(१) **देवता का मार्जन**, (२) **यजमान का मार्जन।** दोनों के मन्त्र निम्न प्रकार हैं—

१. ॐ फ्रों ब्रीं क्लीं भ्रूं आं ह्रीं क्रों श्रीं हुं फट् कार्तवीर्यार्जुनं अभिषिञ्चामि।

२. ॐ फ्रों ब्रीं क्लीं भ्रूं आं ह्रीं क्रों श्रीं हुं फट् कार्तवीर्यार्जुनं आत्मानं अमुकं वा अभिषिञ्चामि।

(१३) **'आसन'** एवं **'माला'**—**श्रीकार्तवीर्यार्जुन-मन्त्र** के जपानुष्ठान में **आसन** आदि **लाल रङ्ग** के होते हैं। **शङ्ख की माला** सर्वोत्तम, **रक्त-चन्दन** की मध्यम तथा अन्य मालाएँ भी ठीक मानी गई हैं।

(१४) **गायत्री**—कुछ विद्वानों का मत है जिस देवता के मन्त्र का जप किया जाए, उसी देवता की **'गायत्री'** का **दस सहस्र** जप होना चाहिए। अतः यहाँ **'श्रीकार्तवीर्यार्जुन गायत्री'** भी दी जा रही है। इच्छुक बन्धु इसका **'जप'** भी कर सकते हैं—**ॐ कार्तवीर्याय विद्महे महा-वीर्याय धीमहि तन्नोऽर्जुनः प्रचोदयात्।**

—पं० ऋषिकुमार चक्रपाणि

***

[१३]

नेत्र-रोग-नाशक 'बत्तीसा-यन्त्र'

१. प्रति-दिन प्रातः **हल्दी** को **'गङ्गा'-जल** में घिसकर **अनार की कलम** से **कांस्य-पत्र** में उपर्युक्त **'बत्तीसा यन्त्र'** को लिखे। यथा—

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

२. इस प्रकार लिखे गए **'बत्तीसा-यन्त्र'** के मध्य में **घृत से पूर्ण, ताम्र का चार बत्तियोंवाला 'दीपक'** स्थापित करे।

३. **'दीपक'** में **चार बत्तियाँ**, चारों कोनों की ओर जलती हुई स्थापित करे।

४. तब **गन्ध, अक्षत-पुष्प** से **'यन्त्र' का पूजन** करे।

५. फिर **पूर्व** की ओर **मुख** कर बैठे और **'ॐ ह्रीं हंसः'** मन्त्र का **'जप'** करे। **'जप'-संख्या १२००** और **'जप'-माला—हल्दी की** होनी चाहिए।

***

[१४]

सर्वारिष्ट-निवारण स्तोत्र

ॐ गं गणपतये नमः। सर्व-विघ्न-विनाशनाय, सर्वारिष्ट-निवारणाय, सर्व-सौख्य-प्रदाय, बालानां बुद्धि-प्रदाय, नाना-प्रकार-धन-वाहन-भूमि-प्रदाय, मनोवाञ्छित-फल-प्रदाय रक्षां कुरु कुरु स्वाहा॥

ॐ गुरवे नमः, ॐ श्रीकृष्णाय नमः, ॐ बलभद्राय नमः, ॐ श्रीरामाय नमः, ॐ हनुमते नमः, ॐ शिवाय नमः, ॐ जगन्नाथाय नमः, ॐ बदरीनारायणाय नमः, ॐ श्री दुर्गा-देव्यै नमः।

ॐ सूर्याय नमः, ॐ चन्द्राय नमः, ॐ भौमाय नमः, ॐ बुधाय नमः, ॐ गुरवे नमः, ॐ भृगवे नमः, ॐ शनिश्चराय नमः, ॐ राहवे नमः, ॐ केतवे नमः, ॐ नव-ग्रहाः रक्षां कुरु कुरु नमः॥

ॐ मन्ये वरं हरिहरादय एवं दृष्ट्वा द्रष्टेषु येषु हृदयस्थं त्वयं तोषमेति विविक्षते न भवता भुवि येन नान्य कश्चिन्मनो हरति नाथ भवान्तरेऽपि। ॐ नमो मणि-भद्रे! जय-विजय-पराजिते! भद्रे! लभ्यं कुरु कुरु स्वाहा॥

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्-सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो योनः प्रचोदयात्॥ सर्व-विघ्नं शान्तं कुरु कुरु स्वाहा॥

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीबटुक - भैरवाय आपदुद्धारणाय महान्-श्याम-स्वरूपाय दीर्घारिष्ट-विनाशाय नाना-प्रकार-भोग-प्रदाय मम (यजमानस्य वा) सर्वारिष्टं हन हन, पच पच, हर हर, कच कच, राज-द्वारे जयं कुरु कुरु, व्यवहारे लाभं वृद्धिं वृद्धिं, रणे शत्रून् विनाशय विनाशय, पूर्णां आयुः कुरु कुरु, स्त्री-प्राप्तिं कुरु कुरु, हुम् फट् स्वाहा॥

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय नमः। ॐ नमो भगवते, विश्व - मूर्तये, नारायणाय, श्रीपुरुषोत्तमाय। रक्ष रक्ष, युग्मदधिकं प्रत्यक्षं परोक्षं वा अजीर्णं पच-पच, विश्व-मूर्तिकान् हन-हन, ऐकाह्निकं द्वाह्निकं त्र्याह्निकं चतुरह्निकं ज्वरं नाशय-नाशय, चतुरग्नि-वातान् अष्टा-दश-क्षयान् रोगान्, अष्टादश-कुष्ठान् हन-हन, सर्व-दोषं भञ्जय-भञ्जय, तत्-सर्वं नाशय-नाशय, शोषय-शोषय, आकर्षय-आकर्षय, मम शत्रुं मारय-मारय, उच्चाटय-उच्चाटय, विद्वेषय-विद्वेषय, स्तम्भय-स्तम्भय, निवारय-निवारय, विघ्नं हन-हन, दह-दह, पच-पच, मथ-मथ, विध्वंसय-विध्वंसय, विद्रावय-विद्रावय, चक्रं गृहीत्वा शीघ्रमागच्छागच्छ, चक्रेण हन-हन, पर-विद्यां छेदय-छेदय, चौरासी-चेटकान् विस्फोटान् नाशय-नाशय, वात-शुष्क-दृष्टि-सर्प-सिंह-व्याघ्र-द्विपद-चतुष्पद अपरे बाह्यं ताराभिः भव्यन्तरिक्षं अन्यान्य-व्यापि-केचिद् देश-काल-स्थान सर्वान् हन-हन, विद्युन्मेघ-नदी-पर्वत, अष्ट-व्याधि, सर्व-स्थानानि, रात्रि-दिनं, चौरान् वशय-वशय, सर्वोपद्रव-नाशनाय, पर-सैन्यं विदारय-विदारय, पर-चक्रं निवारय-निवारय, दह-दह, रक्षां कुरु-कुरु, ॐ नमो भगवते, ॐ नमो नारायणाय, हुं फट् स्वाहा॥

ठः ठः ॐ ह्रीं ह्रीं। ॐ ह्रीं क्लीं भुवनेश्वर्याः श्रीं ॐ भैरवाय नमः। हरि ॐ उच्छिष्ट-देव्यै नमः। डाकिनी-सुमुखी-देव्यै, महा-पिशाचिनी ॐ ऐं ठः ठः। ॐ चक्रिण्या अहं रक्षां कुरु-कुरु, सर्व-व्याधि-हरणी-देव्यै नमो नमः। सर्व-प्रकार-बाधा-शमनमरिष्ट-निवारणं कुरु-कुरु फट्। श्रीं ॐ कुब्जिका देव्यै ह्रीं ठः स्वाहा॥

शीघ्रमरिष्ट-निवारणं कुरु-कुरु देवी शाम्बरी क्रीं ठः स्वाहा॥

शारिका-भेदा महा-माया पूर्णं आयुः कुरु। हेमवती मूलं रक्षा कुरु। चामुण्डायै दैव्यै शीघ्रं विघ्नं सर्वं वायु-कफ-पित्त-रक्षां कुरु। मन्त्र-तन्त्र-यन्त्र-कवच-ग्रह-पीडान् तर, पूर्व-जन्म-दोषान् तर, अन्य-जन्म-दोषान् तर, मातृ-दोषान् तर, पितृ-दोषान् तर, मारण-मोहन-उच्चाटन-वशीकरण-स्तम्भन-उन्मूलनं भूत-प्रेत-पिशाच-जात-जादू-टोना-शमनं कुरु। सन्ति सरस्वत्यै कण्ठिका-देव्यै गल-विस्फोटकायै विक्षिप्त-शमनं महान् ज्वर-क्षयं कुरु स्वाहा॥

सर्व-सामग्री-भोगं सप्त-दिवसं देहि-देहि, रक्षां कुरु, क्षण-क्षण अरिष्ट-निवारणं, दिवस-प्रति-दिवस दुःख-हरणं मङ्गल-करणं कार्य-सिद्धिं कुरु-कुरु। हरि ॐ श्रीरामचन्द्राय नमः। हरि ॐ भूर्भुवः स्वः चन्द्र-तारा-नव-ग्रह-शेष-नाग-पृथ्वी-देव्यै आकाशस्य सर्वारिष्ट-निवारणं कुरु-कुरु स्वाहा॥

१. ॐ ऐं ह्रीं श्रीं बटुक-भैरवाय आपदुद्धारणाय सर्व-विघ्न-निवारणाय मम रक्षां कुरु-कुरु स्वाहा॥

२. ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीवासुदेवाय नमः, बटुक-भैरवाय आपदुद्धारणाय मम रक्षां कुरु-कुरु स्वाहा।

३. ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीविष्णु-भगवान् मम अपराध-क्षमां कुरु-कुरु, सर्व-विघ्नं विनाशय, मम कामना पूर्णं कुरु-कुरु स्वाहा॥

४. ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीबटुक-भैरवाय आपदुद्धारणाय सर्व-विघ्न-निवारणाय मम रक्षां कुरु-कुरु स्वाहा॥

५. ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं ॐ श्रीदुर्गा-देवी रुद्राणी-सहिता, रुद्र-देवता काल-भैरव सह, बटुक-भैरवाय, हनुमान सह मकर-ध्वजाय, आपदुद्धारणाय मम सर्व-दोष-क्षमाय कुरु-कुरु सकल विघ्न-विनाशाय मम शुभ-माङ्गलिक-कार्य-सिद्धिं कुरु-कुरु स्वाहा॥

एष विद्या-माहात्म्यं च, पुरा मया प्रोक्तं ध्रुवं। शत-क्रतो तु हन्त्येतान्, सर्वांश्च बलि-दानवाः॥१
य पुमान् पठते नित्यं, एतत् स्तोत्रं नित्यात्मना। तस्य सर्वान् हि सन्ति, यत्र दृष्टि-गतं विषं॥२
अन्य दृष्टि-विषं चैव, न देयं संक्रमे ध्रुवम्। संग्रामे धारयेत्यम्बे, उत्पाता च विसंशयः॥३
सौभाग्यं जायते तस्य, परमं नात्र संशयः। द्रुतं सद्यं जयस्तस्य, विघ्नस्तस्य न जायते॥४
किमत्र बहुनोक्तेन, सर्व-सौभाग्य-सम्पदा। लभते नात्र सन्देहो, नान्यथा वचनं भवेत्॥५
ग्रहीतो यदि वा यत्नं, बालानां विविधैरपि। शीतं समुष्णतां याति, उष्णः शीत-मयो भवेत्॥६
मान्यथा श्रुतये विद्या, पठति कथितं मया। भोज-पत्रे लिखेद् यन्त्रं, गोरोचन-मयेन च॥७

इमां विद्यां शिरो बध्वा, सर्व-रक्षा करोतु मे। पुरुषस्थाथवा नारी, हस्ते बध्वा विचक्षणः॥८
विद्रवन्ति प्रणश्यन्ति, धर्मस्तिष्ठति नित्यशः। सर्व-शत्रुरधो यान्ति, शीघ्रं ते च पलायनम्॥९

'**श्री भृगु-संहिता**' के '**सर्वारिष्ट-निवारण-खण्ड**' में इस अनुभूत स्तोत्र के **४०** पाठ करने की विधि बताई गई है। इस पाठ के फल-स्वरूप पुत्र-हीन को **पुत्र-प्राप्ति** होती है और जिसका विवाह नहीं होता, उसका **विवाह** हो जाता है। इसके अतिरिक्त इस स्तोत्र के पाठ के प्रभाव से सभी प्रकार के दोषों—**ज्वर, क्षय, कुष्ठ, वात-पित्त-कफ की पीड़ाओं और भूतादिक सभी बाधाओं का निवारण होता है।**

इस स्तोत्र का पाठ यदि स्वयं अपने लिए करना हो, तो '**मम**' या '**मम स-कुटुम्बस्य**' शब्द का उच्चारण करे और यदि किसी अन्य (यजमान) के लिए पाठ करना हो, तो स्तोत्र में जहाँ '**यजमान**'—शब्द छपा है, वहाँ उसके नाम, गोत्रादि का उच्चारण करना चाहिए।

किसी भी देवता या देवी की '**प्रतिमा**' या '**यन्त्र**' के सामने बैठकर धूप-दीपादि से उसका पूजन कर इस स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। विशेष लाभ की इच्छा हो, तो '**स्वाहा**' और '**नमः**' का उच्चारण करते हुए '**घृत-मिश्रित गुग्गुल**' से आहुतियाँ दे सकते हैं। ऐसा करने से **अभीष्ट कामना की पूर्ति** शीघ्र और अवश्य होती है। इसके पाठ से निर्धन को धन और बेकार को जीविका का साधन—नौकरी, व्यापार आदि की सुविधा प्राप्त होती है। अनुभूत है।

—श्री जे०एल० भरद्वाज, अहमदाबाद (गुजरात)

***

[१५]

त्रैलोक्य-विजय श्रीनृसिंह कवचम्

॥ पूर्व-पीठिका : श्रीनारद उवाच ॥

इन्द्रादि-देव-वृन्देश! ईश्वर, जगत्-पते! महा-विष्णोर्नृसिंहस्य, कवचं ब्रूहि मे प्रभो!
यस्य प्रपठनाद् विद्वांस्त्रैलोक्य-विजयी भवेत्॥१

॥ श्रीप्रजापतिरुवाच ॥

शृणु नारद! वक्ष्यामि, पुत्र-श्रेष्ठ, तपो-धन! कवचं नृसिंहस्य तु, त्रैलोक्य-विजयाभिधम्॥१
यस्य पठनाद् वाग्मी, त्रैलोक्य-विजयी भवेत्। स्रष्टाऽहं जगतां वत्स! पठनाद् धारणाद् यतः॥२
लक्ष्मीर्जगत्-त्रयं पाति, संहर्ता च महेश्वरः। पठनाद् धारणाद् देवाः, बभूवुश्च दिगीश्वराः॥३
ब्रह्म-मन्त्र-मयं वक्ष्ये, भ्रान्त्यादि-विनिकारकं। यस्य प्रसादाद् दुर्वासास्त्रैलोक्य-विजयी भवेत्॥४
पठनाद् धारणाद् यस्य, शास्ता च क्रोध-भैरवः॥५

॥ मूल-पाठ ॥

विनियोग—ॐ अस्य त्रैलोक्य-विजय-नाम श्रीनृसिंह-कवचस्य श्रीप्रजापतिः ऋषिः। गायत्री छन्दः। श्रीनृसिंहः देवता। क्ष्रौं वीजं। हुं शक्तिः। फट् कीलकं। ममाभीष्ट-सिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास—श्रीप्रजापति-ऋषये नमः शिरसि। गायत्री-छन्दसे नमः मुखे। श्रीनृसिंह-देवतायै नमः हृदि। क्ष्रौं-वीजाय नमः गुह्ये। हुं-शक्तये नमः नाभौ। फट्-कीलकाय नमः पादयोः। ममाभीष्ट-सिद्धयर्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

ॐ उग्र-वीरं महा-विष्णुं, ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं, मृत्यु-मृत्युं नमाम्यहम्॥१
क्ष्रौं वीजं में शिरः पातु, चन्द्र-वर्णो महा-मनुः। कण्ठं पातु ध्रुवं क्ष्रौं हृद, भगवते चक्षुषी मे।
नरसिंहाय च ज्वाला-मालिने पातु कर्णकम्॥२
दीप्त-दंष्ट्राय च तथाऽग्नि-नेत्राय च नासिकां। सर्व-रक्षोघ्नाय तथा, सर्व-भूत-हिताय च॥३
सर्व-ज्वर-विनाशाय, दह-दह पद-द्वयम्। रक्ष-रक्ष वर्म-मन्त्रः, स्वाहा पातु मुखं मम॥४
ॐ रामचन्द्राय नमः, पातु च हृदयं मम। क्लीं पायात् पार्श्व-युग्मं च, तारो नमः पदं ततः॥५
नारायणाय नाभिं च, आं ह्रीं क्रों क्ष्रौं चैव हुं फट्। षडक्षरः कटिं पातु, ॐ नमो भगवतेऽयम्॥६
वासुदेवाय च पृष्ठं, क्लीं कृष्णाय ऊरु-द्वयं। क्लीं कृष्णाय सदा पातु, जानुनी च मनूत्तमः॥७
क्लींग्लौंक्लीं श्यामलाङ्गाय, नमः पायात् पद-द्वयं। क्ष्रौं नृसिंहाय क्ष्रौं चैव, सर्वाङ्गे मे सदाऽवतु॥८

॥ फल-श्रुति ॥

इति ते कथितं वत्स! सर्व-मन्त्रौघ-विग्रहं। तव स्नेहान्मया ख्यातं, प्रवक्तव्यं न कस्यचित्॥१
गुरु-पूजां विधायाथ, गृह्णीयात् कवचं ततः। सर्व-पुण्य-युतो भूत्वा, सर्व-सिद्धि-युतो भवेत्॥२
शतमष्टोत्तरं चास्य, पुरश्चर्या-विधिः स्मृता। हवनादीन् दशांशेन, कृत्वा साधक-सत्तमः॥३
ततस्तु सिद्ध-कवचः, पुण्यात्मा मदनोपमः। स्पर्द्धामूर्द्धधूय भवने, लक्ष्मीर्वाणी वसेत् ततः॥४
पुष्पाञ्जल्यष्टकं दत्त्वा, मूलेनैव पठेत् सकृत्। अपि वर्ष-सहस्राणां, पूजायां फलमाप्नुयात्॥५
भूर्जे विलिख्य गुटिकां, स्वर्णस्थां धारयेद् यदि। कण्ठे वा दक्षिणे बाहौ, नरसिंहो भवेत् स्वयम्॥६
योषिद्-वाम-भुजे चैव, पुरुषो दक्षिण-करे। बिभृयात् कवचं पुण्यं, सर्व-सिद्धि-युतो भवेत्॥७
काक-वन्ध्या च या नारी, मृत-वत्सा च या भवेत्। जन्म-वन्ध्या नष्ट-पुत्रा, बहु-पुत्र-वती भवेत्॥८
कवचस्य प्रसादेन, जीवन्मुक्तो भवेन्नरः। त्रैलोक्यं क्षोभयेत् सदा, त्रैलोक्य-विजयी भवेत्॥९
भूत-प्रेत-पिशाचाश्च, राक्षसा दानवाश्च ये। तं दृष्ट्वा प्रपलायन्ते, देशाद् देशान्तरे ध्रुवम्॥१०
यस्मिन् गृहे च कवचं, ग्रामे वा यदि तिष्ठति। तद् देशं तु परित्यज्य, प्रयान्ति ह्यति-दूरतः॥११

॥ इति ब्रह्म-संहितायां त्रैलोक्य-विजयं नाम श्रीनृसिंह-कवचम्॥

उ	ज्व	नृ	मृ
ग्र	ल	सिं	त्यु
वी	न्तं	हं	मृ
रं	स	भी	त्युं
म	र्व	ष	न
हा	तो	णं	मा
वि	मु	भ	म्य
ष्णुं	खं	द्रं	हं

'**पूर्व-पीठिका**' और '**फल-श्रुति**' के अनुसार उक्त '**श्रीनृसिंह कवच**' का १०८ पाठ करने से इसका '**पुरश्चरण**' होता है। दशांश अर्थात् ११ पाठ द्वारा '**हवन**' और एक-एक पाठ द्वारा '**तर्पण**', '**मार्जन**' कर एक ब्राह्मण को भोजन कराने से यह '**कवच-स्तोत्र**' सिद्ध हो जाता है। तब इसका प्रयोग कर विविध प्रकार की कामनाओं की पूर्ति की जा सकती है। कामनाओं का उल्लेख '**पूर्व-पीठिका**' और '**फल-श्रुति**' में किया गया है। यहाँ **चित्रित** '**यन्त्र**' को **भोज-पत्र** पर लिखकर '**ताबीज**' के रूप में कण्ठ या भुजा में धारण करने से अनेक कामनाओं की पूर्ति होती है। विशेष मार्ग-दर्शन अपने गुरु-देव से प्राप्त कर लेना चाहिए।

—पं० कृष्णानन्द मिश्र वैद्य, ग्राम ककरा, प्रयाग

***

[१६]

मनोवांछित वर-प्राप्ति-प्रयोग

भगवती सीता ने **गौरी की उपासना** निम्न मन्त्र द्वारा की थी, जिसके फल-स्वरूप उनका विवाह **भगवान् श्री राम** से हुआ। अत: कुमारी कन्याओं को इसका पाठ कर मनो-वाञ्छित वर पाने का प्रयास अवश्य करना चाहिए—

ॐ श्रीदुर्गायै सर्व-विघ्न-विनाशिन्यै नमः स्वाहा।

सर्व-मङ्गल-मङ्गल्ये, सर्व-काम-प्रदे शिवे! देहि मे वाञ्छितं नित्यं, नमस्ते शङ्कर-प्रिये!॥

दुर्गे शिवेऽभये माये, नारायणि सनातनि! जपे मे मङ्गलं देहि, नमस्ते सर्व-मङ्गले॥

विधि—प्रति-दिन **माँ गौरी का स्मरण-पूजन** कर उक्त मन्त्र का **११ बार पाठ** करे।

***

[१७]

'बन्दी-मोचन-मन्त्र'-प्रयोग

विनियोग—ॐ अस्य बन्दी-मोचन-स्तोत्र-मन्त्रस्य श्रीकण्व ऋषिः। त्रिष्टुप् छन्दः। श्रीबन्दी-देवी देवता। ह्रीँ बीजं। हूं कीलकं। मम बन्दी-मोचनार्थे जपे विनियोगः।

ऋष्यादि-न्यास—श्रीकण्व-ऋषये नमः शिरसि। त्रिष्टुप्-छन्दसे नमः मुखे। श्रीबन्दी-देवी-देवतायै नमः हृदि। ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये। हूं कीलकाय नमः पादयोः। मम बन्दी-मोचनार्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

मंत्र—ॐ ह्रीं हूं बन्दी-दैव्यै नमः। (१०८ बार)।

बन्दी देव्यै नमस्कृत्य, वरदाभय-शोभिनीम्। तदाज्ञां शरणं गच्छत्, शीघ्रं मोचं ददातु मे॥१
बन्दी कमल-पत्राक्षी, लौह-शृङ्खला-भञ्जिनीम्। प्रसादं कुरु मे देवि! शीघ्रं मोचं ददातु मे॥२
त्वं बन्दी त्वं महा-माया, त्वं दुर्गा त्वं सरस्वती। त्वं देवी रजनी चैव, शीघ्रं मोचं ददातु मे॥३
संसार-तारिणी बन्दी, सर्व-काम-प्रदायिनी। सर्व-लोकेश्वरी देवी, शीघ्रं मोचं ददातु मे॥४
त्वं ह्रीं त्वमीश्वरी देवि!, ब्रह्माणी ब्रह्म-वादिनी। त्वं वै कल्प-क्षयं कर्त्री, शीघ्रं मोचं ददातु मे॥५
देवी धात्री धरित्री च, धर्म-शास्त्रार्थ-भाषिणी। दुःश्वासाम्ब-रागिणी देवि! शीघ्रं मोचं ददातु मे॥६
नमोऽस्तु ते महा-लक्ष्मी, रत्न-कुण्डल-भूषिता। शिवस्यार्धाङ्गिनी चैव, शीघ्रं मोचं ददातु मे॥७
नमस्कृत्य महा-दुर्गां, भयात्तु तारिणीं शिवां। महा-दुःख-हरां चैव, शीघ्रं मोचं ददातु मे॥८

॥ फल-श्रुति ॥

इदं स्तोत्रं महा-पुण्यं, यः पठेन्नित्यमेव च। सर्व-बन्ध-विनिर्मुक्तो, मोक्षं च लभते क्षणात्॥१

हवन-विधि—कमल-गट्टा, गाय का घी, शुद्ध शहद, मिश्री, हल्दी एवं लाल चन्दन के चूर्ण को मिश्रित कर उससे 'जप'-संख्या का दशांश '**हवन**' करना चाहिए।

***

[१८]

रोग एवं अपमृत्यु-निवारक प्रयोग

१. किसी **प्राचीन शिवालय** में जाकर **गणेश जी** की पूजा **ॐ गं गणपतये नमः** मन्त्र से षोडशोपचार से करे। तदनन्तर **ॐ नमः शिवाय** मन्त्र से **महा-देव जी की पूजा** कर हाथ में जल लेकर विनियोग पढ़े—

२. विनियोग—**ॐ अस्य श्रीअमृत-मृत्युञ्जय-मन्त्रस्य श्रीकहोल ऋषिः, विराट् छन्दः, अमृत-मृत्युञ्जय सदा-शिवो देवता, अमुक गोत्रोत्पन्नस्य अमुक-शर्मणो मम समस्त-रोग-निरसन-पूर्वकं अप-मृत्यु-निवारणार्थे जपे विनियोगः।** यह पढ़कर जल छोड़ दे। फिर ऋष्यादि-न्यास कर और षडङ्ग-न्यास-पूर्वक ध्यान करे। यथा—

३. ऋष्यादि-न्यास—**श्रीकहोल-ऋषये नमः शिरसि। विराट्-छन्दसे नमः मुखे। अमृत-मृत्युञ्जय-सदाशिव-देवतायै नमः हृदि। मम समस्त-रोग-निरसन-पूर्वकं अपमृत्यु-निवारणार्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।**

४. कर-न्यास—**ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः। जूं तर्जनीभ्यां नमः। सः मध्यमाभ्यां नमः। मां अनामिकाभ्यां नमः। पालय कनिष्ठिकाभ्यां नमः। पालय करतल-कर-पृष्ठाभ्यां नमः।**

५. षडङ्ग-न्यास—**ॐ हृदयाय नमः। जूं शिरसे स्वाहा। सः शिखायै वषट्। मां कवचाय हुम्। पालय नेत्र-त्रयाय वौषट्। पालय अस्त्राय फट्।**

६. ध्यान—**स्फुटित-नलिन-संस्थं, मौलि-बद्धेन्दु-रेखा-स्रवदमृत-रसार्द्रं चन्द्र-वन्ह्यर्क-नेत्रम्।**
स्व-कर-लसित-मुद्रा-पाश-वेदाक्ष-मालं, स्फटिक-रजत-मुक्ता-गौरमीशं नमामि॥

७. मन्त्र—**ॐ जूं सः मां पालय पालय।** जप-संख्या—सवा लाख।

८. **सवा लाख मन्त्र-जप** के लिए **५ हजार जप प्रति-दिन** करना चाहिए। **'जप'** के बाद **न्यास** आदि करके पुनः **ध्यान** करे। फिर जल लेकर—**'अनेन मत्-कृतेन जपेन श्री-अमृत-मृत्युञ्जयः प्रीयताम्'** कहकर जल छोड़ दे।

९. **'जप'** का दशांश **'हवनादिक'** करे। **'हवन'** हेतु **'तिलाज्य'** में 'गिलोय' भी डालनी चाहिए। हवनादि न कर सकने पर **'चतुर्गुणित जप'** करने से अनुष्ठान पूर्ण होता है एवं **आरोग्यता** मिलती है, **अप-मृत्यु-निवारण** होता है।

—पं० लक्ष्मणदत्त शास्त्री चतुर्वेद, मथुरा (उत्तर प्रदेश)

❋ ❋ ❋

श्रद्धाञ्जलि!

'चण्डी'-पत्रिका के पाठकों को यह जानकर दुःख होगा कि **'चण्डी'**-परिवार के परम हितैषी, **'चण्डी'**-पत्रिका के प्रचार-प्रसार में अत्यन्त तत्पर **श्रीशुक्ला न्यूज एजेन्सी, हजरतगंज चौराहा, लखनऊ (उ०प्र०)** के व्यवस्थापक **श्रीविश्वनाथ शुक्ल** अब हमारे बीच स-शरीर नहीं हैं। हम उनके प्रति यहाँ 'चण्डी'-परिवार की ओर से **हार्दिक श्रद्धाञ्जलि** अर्पित करते हैं। **श्रीजगदम्बा** आपके परिवार को शान्ति प्रदान करें, यही प्रार्थना है।

—ऋतशील शर्मा

श्रीसद्-गुरु-स्तोत्र (हिन्दी)

- गुरु ब्रह्मा हैं, गुरु विष्णु हैं, गुरु ही भगवान् शिव हैं। निश्चय ही गुरु पर-ब्रह्म हैं। उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥१॥
- जिन्होंने इस चल और अचल समस्त विश्व को व्याप्त कर रखा है, उन परमा शक्ति का ज्ञान जिन्होंने कराया है, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥२॥
- अज्ञान-रूपी अँधेरे से अन्धे व्यक्ति की आँख को जिन्होंने ज्ञान-रूपी काजल की सलाई से खोल दिया है, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥३॥
- जिन्होंने स्थावर और जङ्गम सहित सारे चल-अचल विश्व को व्याप्त कर रखा है, उन परमा शक्ति को जिन्होंने दिखा दिया है, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥४॥
- चैतन्य-शक्ति के रूप से जिन्होंने चल और अचल सहित तीनों लोकों–पृथ्वी, स्वर्ग और पाताल–को व्याप्त कर रखा है, उन परमा शक्ति का ज्ञान जिन्होंने कराया है, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥५॥
- जिनका स्वरूप सभी श्रुतियों अर्थात् वेदों के शिरोमणि अर्थात् वेदान्त के ज्ञान से प्रकाशमान है और जो वेदान्त-रूपी कमल को विकसित करनेवाले सूर्य के समान हैं, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥६॥
- जो चैतन्य-स्वरूप हैं, सनातन हैं, शान्ति-मय हैं, आकाश से परे हैं, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥७॥
- जो ज्ञान की शक्ति से सम्पन्न हैं, जो तत्त्व-बोध की माला से शोभायमान हैं और जो भोग तथा मोक्ष के देनेवाले हैं, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥८॥
- जो आत्म-स्वरूप के ज्ञान-रूपी अग्नि को प्रज्वलित कर व्यक्ति के अनेक जन्मों से प्राप्त कर्म-फल-रूपी ईंधन को भस्मसात् कर देते हैं, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥९॥
- जिनका चरणोदक संसार-सागर को सुखा देता है और तत्त्व-ज्ञान की सम्पत्ति को समुचित रूप से प्राप्त करा देता है, उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥१०॥
- गुरु से श्रेष्ठ न कोई तत्त्व है, न कोई तप गुरु से बढ़कर है और न ही तत्त्व-ज्ञान से श्रेष्ठ कुछ अन्य है। ऐसे महिमावाले श्रीगुरु को नमस्कार है॥११॥
- मेरे नाथ जगत् के नाथ हैं, मेरे गुरु सारे संसार के श्रीगुरु हैं, मेरी आत्मा ही सभी प्राणियों की आत्मा है। उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥१२॥
- गुरु ही सृष्टि के आदि-भूत हैं और साथ ही वे आदि-रहित भी हैं। श्रीगुरु ही सर्व-श्रेष्ठ देवता हैं। गुरु से अधिक श्रेष्ठ कोई नहीं है। उन श्रीगुरु को नमस्कार है॥१३॥
- उन सद्-गुरु को मैं नमस्कार करता हूँ, जो ब्रह्मानन्द के साक्षात् स्वरूप हैं, जो परम सुख को प्रदान करते हैं, जो सर्वथा विरक्त हैं, जो साक्षात् ज्ञान-स्वरूप हैं, जो सभी प्रसार के द्वैत-भावों (सुख-दुःख, लाभ-हानि, जन्म-मरण आदि) से परे हैं, जो आकाश के समान असीम और निर्मल हैं, जो वेद के 'तत्त्वमसि' (अर्थात् तुम वही-ब्रह्म हो) आदि महा-वाक्यों द्वारा लक्षित अर्थात् दर्शित हैं, जो अडिग हैं, जो सभी बुद्धियों के साक्षी-भूत हैं, जो सभी भावों के परे हैं तथा जो तीनों गुणों से रहित हैं॥१४॥

***

रजि० सं० ३२९८१/५७

श्रीपीताम्बरा-पीठ

दतिया (म०प्र०)

दर्शनीय विग्रह

श्रीगणेश

भ० महा-काल भैरव

श्रीबटुक भैरव

श्रीहनुमान

पराम्बा पीताम्बरा

प्रकाशक : श्रीऋतशील शर्मा, श्रीचण्डी-धाम,
प्रयाग-६ ☎ ०५३२-२५०२७८३

श्री श्रीमहा-काली

श्री श्रीमहा-लक्ष्मी

श्री-यन्त्र

श्री श्रीमहा-सरस्वती

मुद्रक : पूर्वा ऑफसेट, प्रयाग (०५३२-२४२-२७८२९)